# एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का विस्तृत विवरण।

राजकीय महिला महाविद्यालय, पाली, रेवाडी में 7 फरवरी 2019 को एक दिवसीय राष्ट्रीय सगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस महाविद्यालय के लिए राष्ट्रीय सगोष्ठी का यह प्रथम प्रयास रहा। इस प्रथम प्रयास में ही इस महाविद्यालय ने अपनी श्रेष्ठ कार्यशैली का परिचय दिया। जिसके लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.सत्यमन्यु यादव, कार्यकम आयोजक डॉ. सुनीता एवं कार्यकम प्रभारी श्री रविकांत जी विशेष रूप से सराहना के अधिकारी है।

राजकीय महिला महाविद्यालय, पाली, रेवाडी को दिनांक 04.09.2018 को Transport Commissioner Chandigarh Haryana के पत्र कमांक –47365–370 दिनांक 23/08/2018 के द्वारा 50000रू0 की सहायता राशि एक दिवसीय दस वर्ष 30 वा सडक सुरक्षा सप्ताह 4 फरवरी से 10 फरवरी तक मनाया जा रहा था जिसका मुख्य नारा "सडक सुरक्षा – जीवन रक्षा" रहा। सडक सुरक्षा के इसी साप्ताहिक कार्यकम के दौरान इस महाविद्यालय ने भी 07/02/2019 को "Challenges in Road Safety" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यकम को सफल बनाने के लिए विस्तारपूर्वक कार्य किया गया। जिसमें सम्पूर्ण महाविद्यालय का सहयोग रहा। 07 02.2019 आयोजित कार्यकम की रूपरेखा इस प्रकार रहा:–

नामांकन टीम:– डॉ. संजय, संदीप कुमार एव श्रीमती पूजा यादव ने प्रात 9 बजे से नामांकन का कार्यभार सभाला व इसे बखूबी निभाया। संगोष्ठी के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्यातिथि एव मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ. ईद्रजीत, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कनीना महेन्द्रगढ ने शिरकत की उन्होने बिन्दुवार उपरोक्त विषय पर अपने विचार प्रकट  किए तथा सभागार मे उपस्थिति समस्त उपस्थिति से आहवान किया कि वे सब मिलकर अगर इस अपने जीवन व्यवहार मे लागू कर लें तो इस मुहिम को सफल होने से  कोई नही रोक सकता। दूसरे मख्य वक्ता के रूप मे आए परिवहन एस. एच. ओ. श्री सत्येन्द्र यादव ने अधिकारी तौर पर अस विषय का व्याख्यान किया। उन्होने बताया कि यह विषय केवल कागजी नही होना चाहिए अपितु व्यवहारिक होना चाहिए उदाहरण स्वरूप कहा कि पुलिस को देखकर हम हैलमैट लगा लेते है जो यह दर्शाता है कि जागरूकता की बजाय हम भय को ज्यादा महत्व देते हैं। हम ऐसा व्यवहार करतो हैकि जैसे परिवहन नियम केवल परिवहन पुलिश के लिए नही। इस सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ. सत्यमन्यु यादवज ी ने की। अध्यक्षता के सत्र दौरान उन्होंने मुख्यातिथि, मुख्य वक्ता एव विभिन्न महाविद्यालयों से आए सभी प्रतिभागियों का अभिवादन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने बताया ि कइस तरह की राष्ट्रीय सगोष्ठी का आयोजन बिना बिल्डिग के करवाना मेरे सामने एक बडी चुनौती थी लेकिन इस चुनौती को मैंने एक अवसर के रूप में लिया और मेरे व मेरे महाविद्यालय परिवार ने मिलकर इस अवसर को जिस रूप में आपके सामने प्रस्तुत किया वह मेरे लिए तो उत्साहवर्धक था। जहाँ तक बात इस विषय की है "Challenges in Road Safety" की है यह आज हमारे जीवन के लिए ज्वलत समस्या है, सबसे भयानक व डरावनी है क्योंकि इसका सीधा सबंध जीवन से है अगर जीवन ही नही तो कुछ भी नहीं। इस लिए हमे इसे गम्भीरता से समझकर, दूसरो को समझाना होगा और जीवन में व्यवहार मे लाना होगा। इस प्रकार से प्रथम सत्र का समापन हुआ।दूसरे सत्र यानि प्रथम तकनिकि सत्र की अध्यक्षता कार्यकम संयोजक डॉ. सुनीता ने की। इस सत्र में विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियो ने संबधित विषय पर अपने पेपर प्रस्तुत किए। दूसरे सत्र के समापन के उपरांत आधे घण्टे का भोजनावकाश रहा।

तीसरे सत्र यानि दुसरे तकनिकि सत्र की अध्यक्षता कार्यकम प्रभारी श्री रविकांत ने की। इस सत्र मे ही पूरे हरियाणा से आए विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने पत्र प्रस्तुत किए।

चौथे सत्र यानि समापन कार्यकम के मुख्यातिथि एवं मुख्यवक्ता के रू. में श्रीमती साधना रानी, प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय, खरखडा ने उपस्थिति दर्ज की।उन्होने मुख्य वक्ता के रूप में अपने वक्ताव्य मे कहा कि हमे यातायात के नियमो को जानकर उनकी अनुपालना करनी चाहिए। रोड पर मृत्यु केवल एक व्यक्ति मात्र न होकर उससे संबंधित पूरे परिवार एवं समाज की होती है। उनके वक्ताव्य के उपरात शेष बचे प्रतिभागियो के पेपर प्रस्तुत हुए। तदूपरांत समापन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें सभी को प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। कार्यकम के सफल समापन पर कार्यकम प्रभारी, कार्यकम में शिरकत करने एवं कार्यकम को सफल बनाने पर अभिवादन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर Transport Commissioner Chandigarh विशेष धन्यवाद के अधिकारी है क्योकि उनके सहयोग के बिना यह  कार्यकम सम्भव ही नही था।साथ ही पूरा महाविद्यालय परिवार भी धन्यवाद का भागी है जिनके सहयोग से यह कार्यकम सफल कार्यकम का रूप धारण कर पाया। भविष्य मे इससे भी अधिक श्रेष्ठता की आशा के साथ।

8 फरवरी 2019

पाली राजकीय कॉलेज में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में दिए टिप्स

# यातायात के नियमों को व्यावहारिक रूप से अपनाना होगा तभी कर पाएंगे सड़क सुरक्षा मिशन को पूरा : सतेंद्र यादव

भास्कर न्यूज | रेवाड़ी



राजकीय महिला कॉलेज पाली में छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी देते एसएचओ ट्रैफिक सतेन्द्र यादव।

पाली स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में यातायात कमीशन हरियाणा एवं उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के सहयोग से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि कनीना कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इंद्रजीत यादव रहे। उन्होंने छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी, समझना व जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित किया।

यातायात पुलिस के एसएचओ सत्येन्द्र यादव ने यातायात के नियम के सभी पहलुओं पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हमें इन्हें व्यावहारिक रूप से अपनाना होगा, तभी हम इस मिशन को पूरा कर पाएंगे। आरएसओ रमेश वशिष्ठ ने कहा कि समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाता है। खरखड़ा राजकीय कॉलेज की प्राचार्या साधना रानी ने कहा कि जीवन बहुत बहुमूल्य होता है, इसके लिए समझदारी से नियमों को अपनाना चाहिए।

प्राचार्य डॉ. सत्य मनु यादव ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनीता ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर प्रभारी रविकांत, प्रमोद कुमार, नीलू किशन, डॉ. ख्याति, डॉ. शिवानी, ऋतु रानी, डॉ. प्रेमलता, संजय, अंशु व आनंद सिंह आदि सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहे।